भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2633
दिनांक 07.08.2024 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ)

†2633. डॉ. भोला सिंह:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार राष्ट्रीय जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) पोर्टल शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) डीएमएफ डाटा तक पहुंच, विकास कार्यों पर नजर रखने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सुविधाओं सहित डीएमएफ पोर्टल के उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्तमान में इस पोर्टल में कितने जिला खनिज फाउंडेशन शामिल हैं और इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण विशेषताओं, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या भविष्य में और अधिक राज्यों को शामिल करने के लिए डीएमएफ पोर्टल का विस्तार करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां। खान मंत्रालय ने 20 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय डीएमएफ पोर्टल का शुभारंभ किया है।

(ख): राष्ट्रीय डीएमएफ पोर्टल का उद्देश्य प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाकर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डीएमएफ निधियों के उपयोग की प्रभावी निगरानी करना है। पोर्टल का उद्देश्य संसाधन आवंटन को अनुकूलित करना, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रभावशाली कल्याणकारी और विकासात्मक पहलों को लागू करना और डीएमएफ द्वारा समुदायों को प्रदान किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक लाभ को अधिकतम करने के लिए पाठ्यक्रम सुधार हेतु कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करना है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय डीएमएफ पोर्टल डीएमएफ परियोजनाओं के कार्यान्वयन, परियोजना-स्तरीय निरीक्षण, गतिशील विश्लेषण और परस्पर सीखने (क्रॉस-लर्निंग) के लिए सर्वोत्तम पद्धति भंडार में केंद्रीकृत दृश्यता प्रदान करता है। वर्तमान में, 23 राज्यों के सभी 645 डीएमएफ को डीएमएफ पोर्टल में शामिल किया गया है।

***